8:16 65%

कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में केंद्रीय सदस्य ने देखीं व्यवस्थाएं

केंद्र सरकार की नई सुविधाओं की दी जानकारी

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल

editor@peoplessamachar.co.in

कर्मचारी राज्य बीमा निगम की अखिल भारतीय स्तर की स्थायी समिति के सदस्य एसपी तिवारी ने निगम के सोनागिरी में अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने यहां मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस मौके पर ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेशन सेंट्रल कमेटी (टीयूसी) के राज्य पदाधिकारी कैलाश मिश्रा, बादल गोस्वामी, रामवतार पचौरी, विजय सिंह शाक्या, सलमा सौदागर, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के संयुक्त निदेशक केसी झा, चिकित्सा निदेशी डॉ. हरिश्चंद्र यादव एवं सहायक निदेशक जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। तिवारी ने बताया कि केंद्र सरकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम इस अस्पताल का संचालन करेगी। तीन सौ बेड के अस्पताल में राजधानी और आसपास के सभी हितलाभ धारकों एवं उनके आश्रितों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी। आगामी समय में अस्पताल का उन्नयन कर यहां पर सभी सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सा सुविधाएं शुरू कर दी जाएंगी। कोविड महामारी में कोविड-19 राहत योजना में बीमित की मृत्यु पर परिवार को वेतन की 90 प्रतिशत राशि प्रतिमाह पेंशन के रूप में जीवनभर मिलेगी। अटल बीमित कल्याण योजना में कोविड के दौरान बीमित की नौकरी छूटने पर तीन माह वेतन का 50 प्रतिशत भत्ता मिलेगा। कोविड में अनुबंधित अस्पतालों में बिना रेफरल भर्ती पर स्वयं व्यय से इलाज के बिल देकर केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा की दरों पर भुगतान लिया जा सकेगा।

Copyright © 2019 Peoples Samachar. All Rights Reserved.